आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है।
- आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।
- लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान गडबडी फैलाने वाले और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। अण्डमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए बैठक बुलाई। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक बी. एन. सिंह और पुलिस पर्यवेक्षक जोसफ लोक्कु भी उपस्थित थे। मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के उम्मीदवार डी. अय्यपन को हसिया मारतूल और तारा चुनाव चिन्ह आवंटिंत किया गया, जबकि बहुजन समाज पार्टी के डॉ. अरूण कुमार मलिक को हाथी, भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को हाथ चुनाव चिन्ह, भारतीय जनता पार्टी के बिष्णु पद रे को कमल चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। मनोज पाल को नारियल फार्म, सलामत मण्डल को बैटरी टॉर्च, अखिल भारतीय अन्ना डी.एम.के. के के.जे.बी. सेल्वाराज को दो पत्ता, बी.के. अब्दुल अज़ीज को चक्की, आनन्द रामनाथ अरलेकर को गैस सिलेंण्डर, ऊषारानी को बासुरी, रिन्कू माला मण्डल को कैमरा और के. वेंकट राम बाबू को ऑटों रिक्शा चुनाव चिन्ह दिया गया।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसका उददेश्य उम्मीदवारों और उनके एजेंटों को भारतीय चुनाव आयोग की ओर से चुनाव व्यय निगरानी के संबंध में जारी आदर्श चुनाव संहिता के निर्देशों के बारे में उन्हें जानकारी देना था। द्वीपों के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और व्यय पर्यवेक्षक की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में उम्मीदवारों और उनके एजेंटों को एमसीसी के नोडल अधिकारी ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से एमसीसी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतिभागियों को एमसीसी के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया गया। उनसे कहा गया कि चुनाव खर्च का विवरण सुचारू रखे और निश्चित अवधि में इसे जमा कराएं। उम्मीदवारों से कहा गया कि वे चुनाव खर्च के लिए अलग बैंक खाता खोलें। कई प्रकार के रजिस्टर के रख–रखाव के बारे में भी उम्मीदवारों को जानकारी दी गई। जन सभाएं और बैठकें आयोजित करने के लिए अनुमति प्राप्त करने की प्रकियाओं की जानकारी दी गई और पम्पलेट बैनर छपवाने के दौरान लागू नियमों से उन्हें अवगत कराया गया। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा निर्देशों का सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को पालन करना होगा।

उन्होंने कहा कि सुविधा पोर्टल के माध्यम से भी चुनाव उद्देश्य के लिए विभिन्न प्रकार की अनुमति प्राप्त की जा सकती है। उन्होने चेतावनी दी कि बिना अनुमति के राजनीतिक दलों को चुनाव संबंधी गतिविधियां चलाने नहीं दी जाएंगी। सामान्य पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी उम्मीदवारों से ईवीएम पर प्रशिक्षण लेने को कहा। उनसे कहा गया कि यदि चुनाव खर्च रजिस्टर भरने में कोई भी परेशानी आती है, तो वे चुनाव खर्च निगरानी टीम से सम्पर्क कर सकते हैं। इस बैठक में मध्योत्तर अण्डमान और निकोबार जिले के चुनाव अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से भाग लिया।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपसमूह में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई प्रकार की स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कल मध्योत्तर अण्डमान ज़िला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मत्स्य विभाग के सहयोग से मायाबंदर के मछुआरा समुदाय के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जर्मन जेट्टी से मायाबंदर जेट्टी होते हुए, फिशरिस

कॉलोनी तक डिंगी में जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त दिलखुश मीणा ने मछुआरा समुदाय से अपील की कि वे बड़ी संख्या में आकर उन्नीस अप्रैल को मतदान अवश्य करे, साथ ही अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों, रिश्तेदारों आदि को भी अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मायाबंदर के मछुआरा समुदाय को प्रोत्साहित करना था, ताकि ज़िले में इस बार के चुनाव में पचहत्तर प्रतिशत से अधिक मतदान हो सके। कार्यक्रम में ज़िला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेलवाल, उप–पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ. चन्द्र प्रकाश मीणा, चुनाव से जुड़े अधिकारी और जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान गडबडी फैलाने वाले और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से हर जगह गश्त भी बढ़ाई गई है और जगह–जगह बैरिकेटिंग कर जांच भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी दुनिया की पहली नज़र है, ताकि किसी भी प्रकार की अफ़वाह या गलत जानकारियां सोशल मीडिया पर अपलोड की जाती है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकें।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डिगलीपुर संभाग में मतदान कर्मियों के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। आर.के.ग्राम में विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैक्टर और पीठासीन अधिकारियों के अलावा पहले दूसरे और मतदान सहायकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी आदित्य कुमार अस्थाना ने चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव कराने में उनकी ज़िम्मेवारी और भूमिका पर प्रकाश डाला। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सोम नायडू ने चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की भूमिका के बारे

में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण चुनाव कराने में इन अधिकारियों की विशेष भूमिका होती है। इस अवसर पर ई.वी.एम. और वी.वी. पेड के इस्तेमाल का भी निदर्शन किया गया।

<><><><><><><>

पार्षद रमजान अली ने वीआईपी रोड निवासी ए. जोबॉय के निधन पर शोक प्रकट किया है। उनका कल शाम निधन हो गया। वे सढ़सठ वर्ष के थे।

<><><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए मध्योत्तर अण्डमान पुलिस ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ मिलकर मतदाताओं के बीच आत्म विश्वास बढ़ाने और सुरक्षा की दृष्टि से एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च किया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में कानून बनाए रखने, गैर–कानूनी गतिविधियों को रोकने, सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सतर्कता बढ़ाना है।

<><><><><><><>